# पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी तथ्य चार्ट
# लिंग-विस्तारक छात्रों के स्कूल के लिए मार्गदर्शन

आपके बच्चे का अपनी सच्ची पहचान में स्कूल जाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उसके सामने आने वाली चुनौतियां, चिंता भी पैदा कर सकती हैं। एक प्रभावकारी शिक्षण वातावरण बनाने में अपने बच्चे के स्कूल के साथ काम करने के लिए यहां कुछ विचार दिए गए हैं। दुर्भाग्यवश, कई युवाओं को बदमाशी जैसे bullying या अपमानित करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आप अपने बच्चे के सबसे प्रभावकारी समर्थन बन सकते हैं।

## एक साँझेदारी स्थापित करें

परिवारों और स्कूल के अध्यापकों के बीच संचार और सहयोग महत्वपूर्ण हैं। आजकल युवाओं की लिंग विविधता की अधिक स्वीकृति और मान्यता के साथ, अधिकांश स्कूल अपने छात्रों की लैंगिक जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए स्कूल में उच्च वातावरण बनाना चाहते हैं। छात्र, परिवार और शिक्षकों के बीच एक मजबूत साँझेदारी आपके बच्चे के लि ए सबसे उपयुक्त साबित होगी। असहमति पैदा होने पर भी, यह मानने की पूरी कोशिश करें कि स्कूल आपके बच्चे और अभिभावकों के लिए प्रभावी समाधान चाहता है, ताकि स्कूल कर्मियों के साथ संबंध प्रतिकूल रह सकें।

## एक जेंडर सपोर्ट टीम (जी.एस.टी.) बनाएं

एक जेंडर सपोर्ट टीम (जी.एस.टी.) में बच्चा, अभिभावक और स्कूल स्टाफ शामिल होते हैं, जो मिलकर आपके बच्चे के समर्थन के लिए काम करेंगे। बच्चे की उम्र, सहमति और व्यक्तित्व के आधार पर, आपके बच्चे सभी टीम बैठकों में शामिल हो सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं। आपके बच्चे स्कूल में सुरक्षित और समर्थित महसूस करने की प्रक्रिया में भाग लें। जी.एस.टी. के साथ सलाह करें यदि अपने बच्चे के लिंग के बारे में या अनुभवों के बारे में सवाल उठें। एक अभिभावक के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि आप उन्हें यह बताएं कि आप अपने बच्चे के सर्वोत्तम हित में साथ मिलकर काम करने के लिए टीम की प्रतिबद्धता की अपेक्षा करते हैं।

## अपने बच्चे की कहानी जी.एस. टी. को बताएं

अपने बच्चे के बारे में जानने के लिए जी.एस.टी. की मदद करें। उन्हें बच्चे के लिंग के बारे में जानकारी दें और इस बारे में आत्मविश्वास के साथ बताएं कि आपका बच्चा कौन है और उन्हें क्या करना पसंद है। आपके बच्चे का पसंदीदा नाम और सर्वनाम बताना महत्वपूर्ण है। अपने बच्चे के दिन-प्रतिदिन के अनुभवों के बारे में बातचीत आपके बच्चे के जीवन को बहुत वास्तविक तरीके से प्रभावित करती है। जेंडर स्पेक्ट्रम वेबसाइट (https://www.genderspectrum.org/) आपके बच्चे, आपके बच्चे के स्कूल और आपके लिए उपयोगी जानकारी प्रदान करती है।

## एक जेंडर सपोर्ट प्लान (जी.एस. पी.) बनाएं

कोई भी सार्वभौमिक सूत्र मौजूद नहीं है जो स्कूल में सभी ट्रांसजेंडर बच्चों के लिए लागू हो। प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत इच्छाएँ और लक्ष्य होते हैं। फिर भी, कई सामान्य विषय हैं जिन पर विचार करना और प्रत्येक बच्चे के लिए चर्चा करना आवश्यक है। जी.एस.पी. ऐसा करने के लिए एक अच्छा माध्यम है।

जी.एस.पी. आपके बच्चे के लिंग का समर्थन करने के लिए एक सांझी योजना है। जी.एस.पी. को जेंडर सपोर्ट टीम द्वारा सह-निर्मित किया जाना चाहिए। यह समय के साथ विकसित हो सकती है क्योंकि आपके बच्चे की ज़रूरतें और प्राथमिकताएँ बदलती हैं और उभरती हैं।

इस योजना को बनाने में आपके बच्चे की भूमिका होनी चाहिए । अधिकांश बच्चे अपनी स्पष्ट इच्छाएं व्यक्त करते हैं कि वे स्कूल में किस तरह का समर्थन चाहते हैं। योजना में शामिल विषयों में आपके बच्चे का पसंदीदा नाम, टॉयलेट उपयोग, जिम कक्षाएं और स्कूल टीम के खेल शामिल हो सकते हैं।

हालांकि, अवगत रहें, कि कई ट्रांसजेंडर और गैर-बाइनरी छात्रों को अक्सर लगता है कि चीजों को कुछ हद तक ठीक होना ही काफ़ी है । एक अभिभावक के रूप में, आप उन्हें सम्मानजनक और निष्पक्ष व्यवहार की उम्मीद रखने में सशक्त बना सकते हैं, और जी.एस.पी. के माध्यम से उन्हें मदद कर सकते हैं। जब आपके पास जी.एस.पी. हो, तो बैठक की तारीख निर्धारित करें, जिसमें टीम अगले स्कूल वर्ष के लिए तैयारी कर सकती है।

## सब कुछ लिखें

स्कूल अध्यापकों के साथ सभी मीटिंग/बैठक या बातचीत के बाद हमेशा सारे विचार (चाहे वे समर्थन हों या असमर्थन हों, लिखके या ईमेल के द्वारा सबको विवरण करें । आमतौर पर, प्रशासक और शिक्षक आपके नोट्स की सराहना करेंगे और वे यह सुनिश्चित करने में मदद करेंगे कि हर समझोते और अगले कदम, आदि के बारे में सबको समझ हो । यदि भविष्य में आपके और स्कूल में बच्चे को लेकर कोई भी असमाधान हो, तो यह लिखित कागज या ईमेल औपचारिक शिकायत प्रक्रिया या कानूनी कार्यवाही में आवश्यक होंगे।

## आगे की योजना बनाएं और अपना होमवर्क करें

स्कूल के पहले दिन से पहले स्कूल के लिए योजना बन्नी शुरू हो जाती है। स्कूल के साथ संचार शुरू करने के लिए स्कूल शुरू होने से एक दिन पहले तक प्रतीक्षा न करें। स्कूल को आपके बच्चे की लिंग संबंधी जरूरतों के बारे में सोच-समझकर तैयारी करने का अवसर दें। विभिन्न विकल्पों के बारे में जानें जो स्कूल आपके बच्चे की लिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयोग कर सकते हैं । स्कूल के कर्मचारी इन मुद्दों में अच्छी तरह से पारंगत नहीं हो सकते हैं और विचारों के लिए आप ही से मदद की अपेक्षा करेंगे। अगर आप अन्य विद्यालयों द्वारा उपयोग किए गए समर्थन के उदाहरण दिखाएं तो आपका विद्यालय उन सुझावों को शायद जल्दी स्वीकार करेगा। उदाहरण के लिए जेंडर स्पेक्ट्रम वेबसाइट और अन्य माता-पिता और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें।

## अपने अधिकारों को जाने

दुर्भाग्यवश, कभी-कभी स्कूल आपके बच्चे की जरूरतों को पूरा करने में विफल हो सकते हैं । स्कूल अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं पाते और इसमें बच्चे की सुरक्षा भी शामिल है । ऊपर बताए गए तरीक़ों से ज्यादातर आपको सकारात्मक परिणाम ही मिलेंगे, पर कभी कभी आपको कम समर्थन और ज़्यादा विरोध का सामना करना पड़ सकता है। आपको जानकारी होनी चाहिए कि अप्रैल 2014 में, अमरीकी शिक्षा विभाग ने एक पूर्व घोषणा की पुष्टि की थी कि शीर्षक (Title) IX सुरक्षा ट्रांसजेंडर युवाओं को भी शामिल करता है । इसका मतलब यह है कि आपका बच्चा अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए उपयुक्त सुरक्षित शिक्षा का हकदार है।

हालांकि, कुछ स्कूल और शिक्षक ट्रांसजेंडर या गैर-बाइनरी युवाओं की जरूरतों को समायोजित करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ऐसे मामलों में, पता करें कि स्कूल में ट्रांसजेंडर छात्रों के लिए आपके राज्य में क्या विशिष्ट कानूनी सुरक्षा उपलब्ध है । राज्य, स्कूल या जिला नीतियों में देखें की लैंगिक विविधता के मुद्दों को कैसे संबोधित किया गया है और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया क्या है । आपको अपने राज्य के शिक्षा विभाग से संपर्क करने की आवश्यकता पड़ सकती है।

राज्य और राष्ट्रीय नागरिक अधिकार समूहों के साथ जुड़ना, जैसे कि स्थानीय माता-पिता सहायता समूह,

मददगार हो सकता है। Federal Office of Civil Rights भी सहायता कर सकता है। स्कूल बदलना या कानूनी कार्यवाही करना अतिरिक्त उपाए हैं।

## निष्कर्ष

यह सारे तर्क आपको उस उद्देश्य में मदद करते हैं जो आपके बच्चे का स्कूल जाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण है : पढ़ना और सीखना। आप इस संस्था में कई वर्षों तक शिक्षकों के साथ भागीदारी करेंगे। यहाँ वर्णित कदम उठाते हुए, उम्मीद है कि स्कूल में आप और शिक्षक जल्द ही अपने बच्चे के गणित और लेखन कौशल पर चर्चा करने में अधिक समय व्यतीत करेंगें, और लिंग सम्भंधित चर्चा में कम।

ऊपर सूचीबद्ध संसाधनों के लिए, साथ ही साथ अपने बच्चे के स्कूल के साथ काम करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहाँ जाएँ: https://www.genderspectrum.org/resource/. यह वेबसाइट पेरेंटिंग, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, कानूनी आवश्यकताओं और सामाजिक सेवाओं के लिए योगदान जानकारी प्रदान करती है।

इसके अलावा, www.welcomingschools.org सहायक संसाधन है।

PFLAG एक और संगठन है जो आपके बच्चे और आपको लाभान्वित कर सकता है। यह संगठन (https://www.pflag.org/) एक माता-पिता द्वारा अपने ट्रांसजेंडर बेटे का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया था।

**यह जानकारी पीडियाट्रिक एंडोक्राइन सोसायटी के मरीज शिक्षा अनुभाग की सहायता से छपी है।**

PES Pediatric Endocrine Society